दिनांक- 13.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 56/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल- नगर, थाना-कबरई

## वारण्टी/वांछित अभियुक्त गिरफ्तारी अभियान में कबरई पुलिस को सफलता, पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस टीम द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 12.05.2026 को थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना कबरई पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 87/26, धारा 87/137(2)/65(1) बीएनएस एवं 4 पोक्सो एक्ट से संबंधित एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी की कार्यवाही के दौरान उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय मय हमराह रि0आ0 अजीत यादव एवं म0का0 अनामिका देवी द्वारा अभियुक्त दिलीप अनुरागी पुत्र राजू अनुरागी निवासी ग्राम भवानीपुर थाना चिल्ला जनपद बांदा, हाल पता मोहल्ला अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा, उम्र लगभग 19 वर्ष को बांदा तिराहा स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास, बहद मु0 किदवई नगर थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय
2. रि0आ0 अजीत यादव
3. म0का0 अनामिका देवी

**वांछित अभियुक्त-**

दिलीप अनुरागी पुत्र राजू अनुरागी निवासी ग्राम भवानीपुर थाना चिल्ला जनपद बांदा, हाल मुकाम मोहल्ला अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा, उम्र 19 वर्ष।



दिनांक- 13.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 57/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल- नगर, थाना-कबरई

### थाना कबरई पुलिस टीम ने 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

उक्त अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के कुशल निर्देशन में टीम गठित कर उ0नि0 गौरव चौबे मय हमराह का0 अंकित दुबे एवं रि0आ0 सुजीत कुमार द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए दिनांक 12.05.2026 को दो नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण 1. प्रदीप वर्मा पुत्र बरातीलाल उम्र लगभग 21 वर्ष एवं 2. बरातीलाल पुत्र गरीबा उम्र लगभग 50 वर्ष, समस्त निवासीगण मोहल्ला विशालनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा, जो कि थाना कबरई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 100/26 धारा 352/115(2)/351(3)/109(1) बीएनएस से संबंधित थे, को मोहल्ला विशालनगर शमशानघाट वाले रास्ते थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी उपरांत अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

उ0नि0 गौरव चौबे
का0 अंकित दुबे
रि0आ0 सुजीत कुमार

**वांछित अभियुक्त –**

1.प्रदीप वर्मा पुत्र बरातीलाल, उम्र लगभग 21 वर्ष
2.बरातीलाल पुत्र गरीबा, उम्र लगभग 50 वर्ष
समस्त निवासीगण मोहल्ला विशालनगर
कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा।



दिनांक- 13.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 58/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल- नगर, थाना-कोतवाली नगर (चौकी सुभाष)

## ऑपरेशन मुस्कान से घर में लौटी मासूम की मुस्कान

## महोबा पुलिस की तत्परता से 03 वर्षीय बच्चा सकुशल परिजनों से मिला

- आज दिनांक 13.05.2026 को थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रांतर्गत चौकी सुभाष क्षेत्र में चौसियापुरा के पास लगभग 03 वर्षीय एक मासूम बच्चा संदिग्ध अवस्था में अकेला घूमता हुआ मिला। सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी सुभाष उ0नि0 प्रवीण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल संवेदनशीलता एवं तत्परता दिखाते हुए बच्चे को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया।
- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने बच्चे की पहचान एवं उसके परिजनों की खोजबीन हेतु त्वरित प्रयास प्रारम्भ किए। स्थानीय लोगों से पूछताछ, विभिन्न माध्यमों से सूचना प्रसारित करने एवं सतत खोजबीन के फलस्वरूप करीब 02 घंटे के अथक प्रयास के बाद बच्चे की पहचान प्रिंस पुत्र प्रेमचंद्र के रूप में सुनिश्चित करते हुए उसके माता-पिता को खोज लिया गया।
- तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने मासूम बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई तथा उन्होंने भावुक होकर जनपद महोबा पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया।
- यह कार्यवाही महोबा पुलिस की संवेदनशीलता, मानवीय दृष्टिकोण एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

पुलिस टीम-
1. उ0नि0 प्रवीण सिंह, चौकी प्रभारी सुभाष, थाना कोतवाली नगर।
2. आरक्षी विजय कुमार



दिनांक- 13.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 59/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल- कुलपहाड़, थाना-पनवाड़ी

## मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से गुमशुदा युवती सकुशल बरामद, काउंसलिंग उपरांत पति के साथ भेजा गया।

- आवेदक देशराज निवासी ग्राम नकरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा द्वारा अपनी पुत्री पिंकी के कहीं चले जाने के संबंध में गुमशुदगी नं0 12/2025 दिनांक 23.08.2025 को दर्ज कराई गई थी।
- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक 13.05.2026 को उक्त गुमशुदा पिंकी को सकुशल बरामद किया गया।
- बरामदगी उपरांत पिंकी की मिशन शक्ति केन्द्र में काउंसलिंग कर उसका बयान अंकित किया गया। काउंसलिंग के दौरान पिंकी द्वारा बताया गया कि वह पूर्ण रूप से बालिग है तथा उसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है।
- पिंकी द्वारा यह भी बताया गया कि उसने गोवर्धन रैकवार पुत्र मंगन निवासी ग्राम लोहारगांव थाना पनवाड़ी जनपद महोबा के साथ विवाह कर लिया है तथा वह अपनी इच्छा से अपने पति के साथ रह रही है और आगे भी उसी के साथ रहना चाहती है।
- पिंकी को उसकी इच्छा के अनुरूप उसके पति के साथ सकुशल एवं सम्मानपूर्वक भेजा गया।
- उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

